Title: Need to declare Delhi-Chaudgara-Bindki State highway in U.P. as National Highway.

श्री चन्द्र भूण सिंह (फरूखाबाद) : अध्यक्ष महोदय, जी.टी. रोड पर दिल्ली से चौडगरा-बिन्दकी के बीच वाहनिक यातायात दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। पंजाब, दिल्ली तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ओर से आना वाला वाहनिक यातायात समय तथा ईंधन बचाने के उद्देश्य से इस मार्ग को प्राथमिकता देता है।

ज्ञातव्य है कि इस मार्ग (500/ 550 किलोमीटर) पर यातायात किसी भी राट्रीय राजमार्ग से कम नहीं है, परन्तु इसे केवल राज्य मार्ग का ही दर्जा प्राप्त है। इस वजह से इस मार्ग का विकास जैसा होना चाहिए, वैसा नहीं हो पा रहा है।

अतः मेरा माननीय भूतल परिवहन मंत्री जी से अनुरोध है कि उपर्युक्त 500/ 550 किलोमीटर दूरी के दिल्ली-चौडगरा-बिन्दकी मार्ग को राट्रीय राजमार्ग घोति करें ताकि इस मार्ग की चौड़ाई बढ़ाने का काम प्रारम्भ हो सके, जो कि बढ़ते हुए वाहनिक यातायात हेतु अत्यन्त ज़रूरी है।